**एन एफ -12048/1/2024-प्रशासन**

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण**

*********

7-8वीं मंज़िल, हिंदुस्तान टाइम्स हाउस,
कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली
दिनांक 10.12.2025

**युवा पेशेवरों के लिए रिक्ति परिपत्र**

1. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) द्वारा गतिशील और प्रेरित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सी ए)/ कॉस्ट अकाउंटेंट्स (सी एम ए)/ एम बी ए डिग्री धारक /आई टी प्रोफेशनलों से युवा पेशेवर पद के लिए पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते है, जो शुरू में दो साल की निर्धारित अवधि के लिए जिसे एक बार में एक साल बढ़ाकर अधिकतम पाँच साल अर्थात 2+1+1+1 साल तक विस्तारित किया जा सकता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सी ए एस )/ कॉस्ट अकाउंटेंट्स (सी एम ए) के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग और लेखा परीक्षा मानकों के नियामक डोमेन में अद्वितीय प्रदर्शन और अनुभव प्राप्त करने का यह एक असाधारण अवसर है। एक युवा पेशेवर के रूप में एनएफआरए में शामिल होने से, अनुभवी विशेषज्ञों के साथ काम करने, समीक्षा, निगरानी, अन्य वैधानिक कार्यों में योगदान देने और नियामक ढांचे की गहरी समझ विकसित करने का एक मंच मिलेगा। यह भूमिका नियामक और वित्तीय क्षेत्रों में भविष्य के कैरियर की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। भारत में वित्तीय रिपोर्टिंग की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एनएफआरए की प्रतिबद्धता का हिस्सा बनकर अपनी पेशेवर यात्रा को आगे बढ़ाएँ।

2. भरे जाने वाले संभावित पदों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है। एनएफआरए की आवश्यकता के आधार पर यह संख्या बढ़ या घट सकती है। अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता और अनुभव का विवरण नीचे दिया गया है-

| क. | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर - सीए/सीएमए** |
|---|---|---|
| | **पदों की संख्या** | चार (4) |
| | **आयु सीमा** | उम्मीदवारों की आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक **32** वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए)/ कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए) |
| | **अनुभव** | शैक्षणिक योग्यता के बाद एनएफआरए से संबंधित क्षेत्रों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव-कंपनियों के वैधानिक लेखा परीक्षा के लिए सहभागिता टीम के हिस्से के रूप में या ऐसी कंपनियों के वित्त और लेखा कार्यों में अनुभव ।<br><br>भारतीय लेखांकन मानकों, लेखा परीक्षा मानकों, कंपनी अधिनियम, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का ज्ञान; |

| | | |
|---|---|---|
| | | अथवा<br>बैंक वित्तीय संस्थानों और रेटिंग एजेंसियों में इक्विटी विश्लेषण, क्रेडिट मूल्यांकन, परियोजना मूल्यांकन में अनुभव। नियामक निकायों में कार्य करने का अनुभव वांछनीय होगा।<br>**वांछनीय:**<br>आईटी सामान्य नियंत्रण और अनुप्रयोग और प्रक्रिया नियंत्रण का ज्ञान। |
| | **जॉब प्रोफाइल** | समीक्षा, प्राधिकरण के कार्यों की निगरानी में सहायता करना/इनपुट प्रदान करना; वरिष्ठ अधिकारियों को उनके कामकाज और अनुसंधान कार्य में सहायता करना/भारत और विश्व स्तर पर लेखांकन और लेखा परीक्षा के क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों पर नज़र रखना। |

| | | |
|---|---|---|
| ख | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर - ( एम बी ए)** |
| | **पदों की संख्या** | एक (1) |
| | **आयु सीमा** | उम्मीदवारों की आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक **32** वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | **एम बी ए/ पी जी डी एम (मार्केटिंग और /या वित्त )** |
| | **अनुभव** | शैक्षणिक योग्यता के बाद कम से कम एक वर्ष का अनुभव- |
| | **जॉब प्रोफाइल** | बड़ी कंसलटिंग संस्थानों में मार्केटिंग में अथवा वित्तीय संस्थानों अथवा नियामक निकायों में परियोजना मूल्यांकन / मॉनिटरिंग में अनुभव ।<br>अभ्यर्थी को टाइपिंग में उत्कृष्ट कंप्यूटर दक्षता, एम एस -ऑफिस, इंटरनेट का प्रयोग,और सर्च टूल आदि के प्रयोग की उत्कृष्ट दक्षता होनी चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>सरकारी /वैधानिक निकायों में कार्य करने का अनुभव |

| | | |
|---|---|---|
| ग | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर - (आई टी) -वेब डिजाइनर /UI/ UX डिजाइनर** |
| | **पदों की संख्या** | एक (1) |
| | **आयु सीमा** | उम्मीदवारों की आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक **32** वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | (क) इंजीनियरिंग /प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री /एम सी ए /एम एस सी(आई टी)<br>अथवा<br>(ख) किसी भी क्षेत्र में स्नातक डिग्री और ग्राफिक/वेब डिजाइन या संबंधित क्षेत्र में प्रमाणन |
| | **अनुभव** | अभ्यर्थी के पास शैक्षणिक योग्यता के बाद, वेब और UX डिजाइन में कम से कम दो वर्ष का अनुभव का अनुभव होना चाहिए इसके साथ ही उपयोगकर्ता-अनुकूल,और आकर्षक वेबसाइटों और डिजिटल उत्पादों को विकसित करने में सिद्ध दक्षता होनी चाहिए। फिग्मा, एडोब फोटोशॉप,एडोब इलस्ट्रेटर या स्केच |

| | | |
|---|---|---|
| | | जैसे डिज़ाइन टूल का उपयोग करने का अनुभव अनिवार्य है। साथ ही,उम्मीदवार में विभिन्न हितधारकों की आवश्यकताओं के अनुरूप आकर्षक डिजिटल और ऑफलाइन सामग्री बनाने की क्षमता होनी चाहिए।<br><br>**तकनीकी कौशल में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:**<br>***कोडिंग** - एचटीएमएल, सीएसएस, जावा स्क्रिप्ट, जे क्वेरी<br>***डिज़ाइन** और ग्राफ़िक्स - InDesign, Illustrator, Photoshop, Flash<br><br>• **कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम (CMS)** -वर्ड प्रेस, एडोब, बिजनेस, केटलिस्ट, ड्रुपल एक्ट्रॉन, जओपे और गूगल वेब डिजाइनर |
| | **जॉब प्रोफाइल** | वेब डिज़ाइनर के रूप में, आप एनएफआरए की वेबसाइट, एप्लिकेशन और अन्य डिजिटल उत्पादों के विकास और डिज़ाइन में शामिल होंगे। वेबसाइट निर्माण के तकनीकी और ग्राफ़िकल पहलुओं में प्रत्येक पृष्ठ का स्वरूप और वेबसाइट का समग्र नेविगेशन और अनुभव निर्धारित करना शामिल होगा। आप ग्राफ़िक्स डिज़ाइन करने, एनएफआरए के सोशल मीडिया हैंडल के लिए सूचना-परक सामग्री बनाने और समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों के लिए भी ज़िम्मेदार होंगे। |

| घ | पद का नाम | **युवा पेशेवर - (आई टी) सिस्टम हेल्प डेस्क इंजीनियर** |
|---|---|---|
| | **पदों की संख्या** | दो (02) |
| | **आयु सीमा** | उम्मीदवारों की आयु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक **32** वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| | **शैक्षणिक योग्यता** | ई सी ई, आई टी, सी एस में बी-टेक /एम सी ए /एम,एससी (आई टी) या समकक्ष |
| | **अनुभव** | अभ्यर्थी के पास शैक्षणिक योग्यता के बाद,आई टी सपोर्ट में कम से कम दो वर्ष का प्रासंगिक अनुभव होना चाहिए जिसमें एंड-यूज़र डिवाइस मैनेजमेंट, पेरिफेरल्स की समस्या निवारण और एप्लिकेशन सपोर्ट शामिल है।<br>**वांछनीय:**<br>कंप्यूटर हार्डवेयर और कंप्यूटर एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर, कंप्यूटर नेटवर्किंग और नेटवर्क सुरक्षा, एक्टिव डायरेक्टरी, रोल डेलीगेशन, विंडोज, पॉवरशेल, पैचिंग, एमएफए, वीपीएन, नेटबायोस आदि का ज्ञान। |
| | **जॉब प्रोफाइल** | नियुक्त व्यक्ति को परिसंपत्ति प्रबंधन, प्रिंटर, वीओआईपी, वाई-फाई उपकरण आदि जैसे इनपुट/आउटपुट उपकरणों का प्रबंधन एवं संचालन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम का संचालन, आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी कैमरों का नेटवर्क रखरखाव, हेल्पडेस्क और टिकट प्रबंधन आदि जैसे कार्यों की जिम्मेदारी सुपर्द की जाएगी, साथ ही एनएफआरए द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों को भी पूरा करना होगा। |

3. युवा पेशेवरों का चयन उपयुक्त मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा, जिसमें एनएफआरए द्वारा आयोजित लिखित मूल्यांकन परीक्षा/साक्षात्कार या दोनों शामिल हो सकते हैं।

4. नियुक्ति की नियम और शर्तें इस प्रकार होंगी:

(i) चयनित उम्मीदवारों को दो (2) वर्षों की प्रारंभिक अवधि के लिए पूर्णकालिक आधार पर नियुक्त किया जाएगा और तदनुसार, ऐसे उम्मीदवारों को प्राधिकरण के साथ नियुक्ति की अवधि के दौरान कोई अन्य कार्यभार लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक वर्ष पूरा होने पर, सक्षम प्राधिकारी द्वारा पेशेवरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा और उनके अनुबंध की निरंतरता पिछले वर्ष में उनके द्वारा किए गए कार्य निष्पादन पर निर्भर करेगी। एनएफआरए में पिछले कार्य निष्पादन और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, वार्षिक आधार पर दो वर्षों से आगे अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए विस्तार दिया जा सकता है।

(ii) चयनित उम्मीदवार जो चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए)/कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए) हैं, वे एनएफआरए में अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट/कॉस्ट अकाउंटेंट के रूप में प्रेक्टिस/कार्य नहीं करेंगे और उन्हें एनएफआरए में शामिल होने से पहले किए गए कार्य का प्रमाण-पत्र सौंपना होगा। प्राधिकरण में ज्वाइन करते समय ऐसे उम्मीदवारों को अपने प्रैक्टिस सर्टिफिकेट के होने, निलंबन या सरेंडर होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

(iii) **युवा पेशेवर का समेकित पारिश्रमिक पहले वर्ष के लिए 70,000/- रुपये प्रति माह निर्धारित किया जाएगा।** चयनित उम्मीदवार को ऊपर उल्लिखित समेकित पारिश्रमिक को छोड़कर चिकित्सा, एचआरए, परिवहन आदि जैसे किसी अन्य वित्तीय लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। दूसरे, तीसरे वर्ष और उसके बाद के वर्षों में पारिश्रमिक में वृद्धि युवा पेशेवर के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के अनुरूप निम्नानुसार होगी: -

| **क्रम संख्या** | **कार्य निष्पादन** | **पारिश्रमिक में वृद्धि** |
|---|---|---|
| 1. | केवल दैनिक /सुपर्द कार्य किया गया | शून्य |
| 2. | युवा पेशेवर जिन्होंने सौंपे गए/विशिष्ट कार्य पर उच्च अधिकारियों की अपेक्षानुसार उनके डोमेन में वांछित आउटपुट प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। | सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पारिश्रमिक का 5% तक |
| 3. | असाधारण मामलों में, जहां किसी युवा पेशेवर ने व्यक्तिगत रूप से अपने डोमेन में अनुकरणीय कार्य निष्पादन का किया है । | सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पारिश्रमिक का 10% तक |

(iv) तैनाती का स्थान सामान्यतः नई दिल्ली होगा और चयनित अभ्यर्थी प्राधिकरण के अधिकारियों के मार्गदर्शन और सुपर विजन में काम करेंगे।

(v) चयनित अभ्यर्थियों को समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार, एनएफआरए के विवेक पर कार्य सौंपे जाएंगे।

(vi) प्राधिकरण के साथ कार्य की अवधि के दौरान, यह संभावना है कि चयनित अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण/गुप्त प्रकृति की कुछ जानकारी मिल सकती है। प्राधिकरण में अपने कार्यकाल के दौरान चयनित अभ्यर्थियों के पास उपलब्ध या उनके द्वारा एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी भी तरीके से किसी को नहीं बताई जाएगी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को एनएफआरए द्वारा निर्धारित निष्ठा और गोपनीयता की घोषणा प्रदान करनी होगी।

(vii) एनएफआरए से छुट्टी लेने/कार्यमुक्त होने के समय, चयनित उम्मीदवार अपने पास मौजूद सभी सामग्री और फाइलें/डेटा/ईमेल, पासवर्ड और किसी भी तरह की अन्य जानकारी, कागज या सॉफ्ट कॉपी आदि वापस कर देंगे और ऐसे अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में एक वचनबद्धता पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होगी कि वे एनएफआरए में काम करते समय जो भी जानकारी उन्हें मिली है, उसे किसी भी तरह से किसी को नहीं बताएंगे, यहां तक कि एनएफआरए छोड़ने के बाद भी नहीं।

(viii) अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (यदि आयोजित किए जाते हैं) में उपस्थित होने के लिए या प्राधिकरण में ज्वाइनिंग के लिए किए गए व्यय के लिए कोई टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

(ix) युवा पेशेवर अभ्यर्थी प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिन की दर से छुट्टी के हकदार होंगे, जिसमें आनुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष से अधिक छुट्टी का संचय नहीं होगा। अप्रयुक्त छुट्टियों को अगले कैलेंडर वर्ष के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पारिश्रमिक के बिना एक महीने तक की छुट्टी पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण आदि के असाधारण मामलों में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस शर्त में छूट दी जा सकती है।

(x) यह नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध आधार पर है और इससे प्राधिकरण में स्थायी समामेलन या नियमित आधार पर नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति एनएफआरए द्वारा निम्नलिखित परिस्थितियों में 30 दिन का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है जैसे-

क. चयनित अभ्यर्थी सौंपे गए कार्यों को पूरा करने में असमर्थ है।
ख. किए गए कार्य की गुणवत्ता एनएफआरए की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है।
ग. चयनित अभ्यर्थी कार्य योजना को समय पर पूरा करने में विफल रहता है।
घ. चयनित अभ्यर्थी में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की कमी पाई जाती है।

(xi) चयनित अभ्यर्थी को 30 दिन की नोटिस अवधि या उसके बदले में एक महीने का पारिश्रमिक देकर नियुक्ति को समाप्त किया जा सकता है।

5. इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी जल्द से जल्द अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन-पत्रों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से 30 दिन की होगी। एनएफआरए की आवश्यकता के आधार पर, पात्र आवेदकों को लिखित मूल्यांकन/साक्षात्कार/व्यक्तिगत विचार-विमर्श के लिए बुलाया जा सकता है।

6. सभी आवेदन-पत्र उप महाप्रबंधक (स्थापना) को संबोधित किए जाने चाहिए और डाक/कूरियर आदि द्वारा एक लिफाफे में "एनएफआरए में युवा पेशेवर के लिए आवेदन" लिखकर निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए:

राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण,
07वीं मंजिल, हिंदुस्तान टाइम्स हाउस,
18-20 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001

7. आवेदन-पत्र ईमेल द्वारा भी भेजे जाने चाहिए [ईमेल आईडी: **manager-admn@nfra.gov.in** पर) ।

8. सभी आवेदनों में अनिवार्य रूप से निम्नलिखित (निर्दिष्ट क्रम में) शामिल होने चाहिए:

(i) विधिवत भरा हुआ आवेदन प्रारूप;

(ii) दस्तावेजों की सूचकांक.

(ii) इस विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार सहायक दस्तावेजों की प्रति।

(iv) आवेदन-पत्र का प्रत्येक पृष्ठ, जिसमें समर्थित दस्तावेज शामिल हों, विधिवत रूप से हस्ताक्षरित एवं क्रमांकित हों.

(v) ईमेल के माध्यम से भेजे गए आवेदन- पत्र की प्रति के लिए, उपर्युक्त पैरा 8(i) से 8(iv) के अनुसार, संपूर्ण आवेदन- पत्र को स्कैन करके एक सिंगल पीडीएफ के रूप में सुरक्षित रखा जाना चाहिए और उपर्युक्त पैरा 7 में बताए अनुसार, ईमेल आईडी पर भेजा जाना चाहिए। ईमेल का विषय " एनएफआरए में युवा पेशेवर पद के लिए आवेदन- पत्र (आवेदक का नाम) " होना चाहिए।

9. आवेदकों/इच्छुक व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे एनएफआरए की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें क्योंकि इस परिपत्र में किसी भी परिवर्तन के मामले में, उक्त परिवर्तन को एनएफआरए की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगा ।

मृत्युंजय सिंह

**( मृत्युंजय सिंह)**
**उप महाप्रबंधक**

आवेदन- पत्र का प्रारूप

**राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण**

**अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवर के रूप में सहभागिता के लिए आवेदन- पत्र**

1. नाम:
2. जन्म तिथि :
3. आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तारीख को आयु :
4. संपर्क विवरण :

(क) डाक पता :
(ख) ई मेल आई डी :
(ग) टेलीफोन नं :
(5) (I) शैक्षणिक योग्यता : (सीनियर सेकंडरी से आगे ):

| पास किए जाने का वर्ष | सर्टिफिकेट /डिग्री | स्कूल /संस्थान /विश्व विद्यालय का नाम | | प्राप्त अंकों का % | प्रयासों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**(6)कार्य का अनुभव :**

| **संगठन** | **से** | **तक** | **अवधि** | **पदनाम** | **ड्यूटी का विवरण** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

***अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव की कुल अवधि :**
7. दो संदर्भों का विवरण ( नाम और संपर्क विवरण दिए जाए ):
8. भाषा कौशल :
**नोट :कृपया निम्नलिखित की स्व साक्ष्यांकित प्रतियां संलग्न करें :**
(क) अभ्यर्थी जिस व्यावसायिक संस्था का सदस्य है उसके द्वारा जारी पहचान- पत्र /सरकारी पहचान- पत्र जैसे :-पी ए एन ,आधार, ड्राइविंग लाइसेंसे ,मतदाता पहचान- पत्र इत्यादि, जन्म तिथि का प्रणाम ;
(ख) संबंधित परीक्षा की अंतिम परीक्षा की सभी मार्क शीटें जिसमें असफल प्रयास भी,यदि कोई हों, शामिल है ;
(ग) किसी अन्य शैक्षणिक योग्यताओं के प्रणाम- पत्र ।

(घ) उपर्युक्त किए गए दावे के अनुसार नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रणाम- पत्र (नियोक्ता के पत्र शीर्ष पर संपर्क विवरण के साथ )/ अनुभव की सम्पूर्ण अवधि के लिए वेतन प्रणाम-पत्र सहित नियुक्ति-पत्र /स्व-रोजगार की वचन वद्धता इस आवेदन- पत्र के साथ संलग्न किए जाने चाहिए।

(च) आई सी ए आई की सदस्यता का प्रमाण- पत्र ,यदि लागू हो ।

(छ) प्रेक्टिस प्रोफेशनल के मामले प्रेक्टिस प्रमाण- पत्र ।

उपर्युक्त बिन्दु 8(च) और 8(छ) केवल चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए)के मामले में लागू है ।

9. यह अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त दी गई सूचना मेरी सर्वोच्च जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है ।

दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर